तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, बुधवार 8 अप्रैल 2026




10 छात्राओं ने नाटक से किया नशे पर कटाक्ष


10 हुड्डा कॉम्प्लेक्स का नए सिरे से होगा कायाकल्प


## खबर संक्षेप

### एटीएम बदल पैसे निकालने का आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** पैसे निकालने में मदद करने के बहाने एटीएम कार्ड बदलकर करीब 61 हजार रुपए निकलवाने के मामले की जाँच एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई मुकेश कुमार की अगुवाई में एएसआई संजय कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव राजथल जिला हांसी निवासी प्रदीप कुमार को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की थाना शहर क्षेत्र के नंदसिंह वाला निवासी रिंकु की शिकायत अनुसार 27 फरवरी को वह अपने बैंक खाते से रुपये निकलवाने के लिए चंदाना गेट कैथल पर स्थित पीएनबी बैंक के एटीएम पर गया था।

### कृषि उपकरण चोरी का आरोपित दबोचा

**जींद।** सदर थाना पुलिस ने रामराय गांव के खेतों से ट्रैक्टर गोड़ी चोरी करने के आरोपित हांसी जिले के गांव निवासी विनोद को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सदर थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि चार अप्रैल को गांव रामराय निवासी ललित कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके खेत से ट्रैक्टर की गोड़ी चोरी हो गई। पुलिस ने अज्ञात पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### अवैध हथियार उपलब्ध करवाने वाला गिरफ्तार

**जींद।** एवीटी स्टाफ ने हांसी जिले के गांव कोथ कलां निवासी विशाल को अवैध हथियार उपलब्ध करवाने के आरोपित गांव रामराय निवासी जतिन उर्फ डेविड को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। एवीटी स्टाफ इंचार्ज उपनिरीक्षक यशवीर ने बताया कि 25 मार्च को पुलिस ने जुलाना के सोनिया इंटरनेशनल स्कूल के पास से हांसी जिले के गांव कोथ कलां निवासी विशाल को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया था।

### बुजुर्ग महिला से मारपीट कर छीनी बालियां, केस

**कैथल।** गांव जडौला में एक बुजुर्ग महिला से मारपीट कर उसके कानों की सोने की बालियां छीन ली। महिला की शिकायत पर ढांड थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के समय पीड़ित महिला घर पर अकेली थी। पुलिस को दी शिकायत में जडौला निवासी केसो देवी ने बताया कि गांव में उनका पुराना मकान है, जहां वह अपनी बहन के साथ रहती हैं। जबकि परिवार के अन्य सदस्य खेतों में बने नए मकान में रहते हैं। 4 अप्रैल की रात उसकी बहन रिश्तेदारी में गई हुई थी, जिससे वह घर पर अकेली थीं। खाना खाकर वह सो गई थीं।

### बिजली शिकायत निवारण फोरम की बैठक 15 को

**कैथल।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता सोमबीर भालोठिया ने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं का शीघ्र निपटारा करने के लिए उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की बैठक यूएचबीवीएन कार्यालय कैथल के सभागार में 15 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता फोरम के अध्यक्ष योग राज करेंगे। इस बैठक में सुबह 11 बजे से दोपहर बाद 2 बजे तक बिजली उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनी जाएंगी।

### अलग-अलग थाना क्षेत्र से नाबालिग व युवती लापता

**कैथल।** जिले में दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों से नाबालिग व युवती लापता हो गई। पुलिस ने दोनों मामलों में गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहला मामले सिविल लाइन थाना में दी शिकायत में एक प्रवासी मजदूर ने बताया कि वह शहर की एक कॉलोनी में रहा है। उनका 11 साल का बेटा 3 अप्रैल को सुबह करीब 8 से 9 बजे के बीच अचानक लापता हो गया। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग सका। जांच अधिकारी पीएसआई मनजीत ने बताया कि गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

### बिगड़े मौसम ने किसानों का दिन का चैन तथा रात की नींद छीनी, अधिकतम व न्यूनतम तापमान में गिरावट

# बूंदाबांदी से गेहूं कटाई-कढ़ाई का कार्य प्रभावित

**खेत खलिहान से मंडियों तक पसरा काला तथा पीला सोना**

### पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से दो दिन मौसम में उतार-चढ़ाव रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मौसम के बिगड़े तेवरों ने किसानों की रात की नींद तथा दिन का चैन छीन लिया है। रात का धूल भरी हवा के साथ बूदांबांदी हुई तो दिन में गहरे बादल छाए जाने के साथ रूक-रूक कर बूंदाबादी होती रही। वह भी उस दौरान जब रबी फसल गेहूं तथा सरसों की फसलों की आवक मंडियों में शुरू चुकी है। खेत खलिहान से लेकर मंडियों तक सरसों तथा गेहूं की फसल फैली हुई है। मौसम के बिगड़े तेवरों से किसानों लगतार भय सता रहा है कि बेमौसमी बारिश कहीं उनकी मेहनत पर पानी न फेर दे। बूंदाबांदी से तापमान मे भी गिरावट दर्ज की गई है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 27 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 16 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 63 प्रतिशत तथा हवा की गति 13 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को आकाश में बादल छाए रहेंगे और बूंदाबादी की भी संभावना है। मौसम ने करवट सोमवार देर रात को ले ली थी। धूल भरी हवा चली तो हलकी बूंदाबांदी भी हुई। मंगलवार को दिन का आगाज आकाश में छाए बादलों के साथ हुआ। दिन चढने के साथ बादल गहरे हो गए। दिनभर रूक-रूक कर बूंदों की फुहार पड़ती रही। आकाश में बादलों के छाए रहने तथा बूंदाबांदी से अधिकतम तापमान मे चार डिग्री तो न्यूनतम तापमान में तीन डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। आकाश में छाए बादलों से बारिश के आसार भी बने रहे। गेहूं फसल पक कर तैयार है। कटाई के साथ मंडियों में आवक शुरू हो चुकी है। सरसों फसल की भी आवक बढ़ रही है। गेहूं कटाई का कार्य शुरू को चुका है। ऐसे हालातों में मौसम फिर रोड़ा बन गया। बूंदाबांदी से फसल कटाई तथा कढ़ाई का कार्य बाधित हो गया है। किसानों का कहना है कि अगर मौसम के यूं ही बिगडैल हालात रहें तो उन्हें काफी नुकसान उठाना पड़ेगा। गेहूं की गुणवत्ता भी प्रभावित होगी। ऐसे समय पर हवा की तेज गति भी नुकसानदायक है। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से दो दिन मौसम में उतार चढ़ाव देखने को मिलेगा। कहीं बूंदाबांदी तथा कहीं हलकी बारिश की संभावना है। किसान मौसम को देखते कृषि से संबंधित कार्य न करे। मौसम साफ होने का इंतजार करें।


जींद। खेत में तैयार खड़ा किसानों का पीला सोना। फोटो :हरिभूमि

### जुलाना: आधा घंटा सर्वर ठप, किसानों ने की नारेबाजी

**जुलाना।** जुलाना कस्बे की नई अनाजमंडी में मंगलवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब अचानक सर्वर डाउन हो गया। करीब 30 मिनट तक सर्वर बंद रहने के कारण मंडी में पहुंचे किसानों के गेट पास नहीं कट पाए और बायोमेट्रिक प्रक्रिया भी पूरी तरह ठप रही। इससे किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा और मंडी में कामकाज प्रभावित हो गया। मंडी में अपनी फसल लेकर आए किसानों को लंबा इंतजार करना पड़ा। कई किसान धूप में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे लेकिन सर्वर ठप होने के चलते कोई कार्य आगे नहीं बढ़ सका। किसानों का कहना था कि पहले ही उन्हें कई तरह की प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है और ऊपर से इस तरह की तकनीकी खामियां उनकी परेशानी को और बढ़ा रही हैं। सर्वर बंद होने से नाराज किसानों ने मंडी परिसर में इक_ा होकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपना रोष व्यक्त किया। किसानों ने आरोप लगाया कि नई व्यवस्था के चलते उन्हें बार.बार दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि सरकार द्वारा लागू किए गए नए नियम पूरी तरह से किसानों के हित में नहीं हैं और इनसे उनका काम और जटिल हो गया है। किसान नेता नरेंद्र ढांडा ने कहा कि सरकार किसानों के साथ खिलवाड़ कर रही है और नई व्यवस्थाएं किसानों के लिए परेशानी का कारण बन रही हैं।



जुलाना। मंडी में नारेबाजी करते किसान। फोटो :हरिभूमि


पाई। अनाज मंडी में तिरपाल से ढकी गेहूं की ढेरियां। फोटो :हरिभूमि

### बरसात से पाई की मंडी में नहीं हो पाई गेहूं खरीद

**पाई।** पाई की अनाज मंडी में सरकार के द्वारा किसानों की गेहूं की खरीद आज मंगलवार को सातवें दिन भी शुरू नही हो पाई। ऐसा नही की मंडी में किसानों की आवक न हो। पाई अनाज मंडी इस समय किसानों की गेहूं की फसल से लबालब भरी हुई है। सोमवार को प्रदेश के कृषि मंत्री भी पाई मंडी में किसानों की फसल की खरीद का जायजा लेने आये थे, परन्तु इसके बाद भी मंडी में खरीद का कार्य नही हो पाया। किसान कई दिनों से अपनी फसल लेकर मंडी में बैठे है, परन्तु उनकी फसल की ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। किसान सतपाल, सुरेश, बलवंत आदि ने कहा कि जब कृषि मंत्री उनकी फसल की खरीद शुरू नही करवा सके तो उनका मंडी में आने का क्या फायदा। बताया कि बात करने पर अधिकारी नमी अधिक होने की कहते है। मंडी फसल से लबालब भरी है और कई हजारों क्विंटलों में ऐसी नही कि किसी ऐरी में नमी कम न हो। खरीद अधिकारियों का मंसा ही कुछ और है और वे अभी किसानों की फसल खरीदना चाहते ही नही। उन्होंने बताया की आज बरसात को देखते हुये किसी खरीद एजेंसी का अधिकारी फसल खरीदने नही आया, जबकि मंडी में शैड के नीचे कई हजारों क्विंटल गेहू की सुखी पड़ी है। इस बारे में कमेटी सचिव जोगिन्द्र सिंह पेसिया ने बताया कि कल खरीद अधिकारी आये थे और कुछ ढेरियां भी चैक की थी, परन्तु नमी ज्यादा कह कर वे वापस चले गए। आज शायद बरसात के कारण न आये होगें।

### गेहूं तोल को लेकर किसानों में भारी रोष

**पाई।** प्रदेश सरकार द्वारा किसानों की गेहूं के तोल के बारे में जो नये निर्देश दिये है, उनको लेकर किसान व आढ़तियों में व्यापक रोष है। उन्होंने सरकार से तत्काल ये निर्देश वापस लेने की मांग की है। भाकियू के राष्ट्रीय सलहाकार अजीत सिंह हाबड़ी, कार्यकारी प्रधान बलवान पाई, सचिव करतारा राम, मंडी के पूर्व प्रधान रणधीर सिंह फौजी ने बताया कि उनको पता चला है कि अब की बार सरकार द्वारा किसानों के जे फार्म काटने के नये नियम जारी किये है, जिसके तहत किसान का जितने वजन का गेटपास होगा उतने वजन का ही जे फार्म बन पाये गया। उन्होंने बताया कि किसान खेतों में से सीधे मंडी में बिना तोल के अपनी फसल ट्राली में भरकर लाता है और अनुमानित वजन का गेटपास मंडी के गेट पर कटवाता है। बाद में जब उसकी फसल की तुलाई मंडी के अंदर होती है तो उसका वजन कम ज्यादा हो सकता है। उन्होंने बताया कि उदाहरण के तौर पर किसी किसान का गेटपास अस्सी क्विंटल का कटा हुआ होता है और मंडी में तोल के बाद उसकी फसल का तोल 85 क्विंटल हो जाता है तो ऐसी स्थिति में किसान का जे फार्म 80 क्विंटल का गेटपास अनुसार ही बनेगा। इस स्थिति में किसान का जो वजन पांच क्विंटल अधिक हुआ, उसका आढ़ती व किसान क्या करेगा। आढ़ती तो किसान को कह देगा कि पांच क्विंटल वापस उठाकर ले जा। इससे किसान को काफी परेशानी आयेगी। सरकार अपना ये निर्णय वापस ले औरर किसान की फसल का जितना वजन ज्यादा होता है, चाहे वह 10 या 20 प्रतिशत क्यों न हो उसका सारे का जे फार्म बनना चाहिये। यदि सरकार ऐसा नही करती तो किसानों की ट्राली बाहर कांटे पर तुलवाकर उसका गेटपास काटकर, उसी हिसाब से जे फार्म बने और उसी वजन के पैसे किसान को मिले। मार्केट कमेटी सचिव जोगिन्द्र सिंह पेसिया ने बताया कि अभी कोई जे फार्म जरनेट नही हुआ। यदि ऐसा होता है तो सरकार के द्वारा आगे जो हिदायत मिलेगी, उसी अनुसार गेटपास व जे फार्म जरनेट किए जाएंगे।


कैथल। नारेबाजी करते किसान। फोटो :हरिभूमि

## गेहूं की खरीद न होने से किसानों ने की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी हल्का पूंडरी की बैठक किसान भवन में जिला अध्यक्ष गुरनाम सिंह फरल की अध्यक्षता में हुई। इसमें युवा प्रदेश अध्यक्ष विक्रम कसाना एडवोकेट ने विषेश रूप से भाग लिया। बैठक का संचालन हलका अध्यक्ष रणधीर बरसाना ने किया। बैठक के बाद गेहूं की खरीद न होने को लेकर किसान नारेबाजी करते हुए मंडी में पहुंचे और मार्केट कमेटी सचिव पुंडरी को मौके पर बुलाकर गेहूं की खरीद न होने के बारे में पूछा तो मार्केट कमेटी सचिव ने कहा कि पुंडरी मंडी का सारा गेहूं ढांड के अदानी एग्रो के गोदामों में जाएगा और अदानी एग्रो ने अभी तक खरीद शुरू नहीं की है। युवा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना ने कहा कि जब सरकार के आदेश अनुसार 1 अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू हो गई है, तो क्यों हल्का पुंडरी के किसानों को खरीद शुरू ना करके परेशान किया जा रहा है। भाकियू (चढूनी) तुरंत खरीद शुरू करवाने की मांग करती है अगर कल तक खरीद शुरू नहीं हुई तो किसानों को मजबूरन अदानी एग्रो गोदामों के कार्यालय पर प्रदर्शन करके अनिश्चितकालीन धरना शुरू करना पड़ेगा जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होंगी।

#### प्रभावी कदम उठाए जाएं

किसानों ने मार्केट कमेटी कार्यालय में पहुंचकर मंडी एसो के प्रधान व कार्यकारिणी करने को बुलाकर गेहूं खरीद ना होने को लेकर चर्चा की और इसको लेकर आढ़ती और किसानों को मिलकर संघर्ष करने की बात भी कहीं। हरियाणा की मंडियों में किसानों को हाल ही में लागू नई व्यवस्थाओं के कारण गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। गेट पास प्रणाली में किए बदलाव, ट्रैक्टर-ट्रॉली के पंजीकरण एवं बायोमेट्रिक प्रक्रिया को अनिवार्य करने से किसानों के लिए अनावश्यक जटिलताएँ उत्पन्न हो गई हैं, जबकि वे पहले से ही अनेक कार्यभारों से जूझ रहे हैं। इसके साथ ही, मंडियों में सीमित स्थान,गेट पास की समय-सीमा की बाध्यता ने और अधिक कठिन बना दिया है। इन प्रक्रियाओं को सरल बनाया जाए, मंडियों में पर्याप्त सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं तथा किसानों को त्वरित राहत प्रदान करने हेतु प्रभावी कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि बे मौसम बरसात व ओलावृष्टि के कारण कई क्षेत्रों में फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है इस नुकसान का सही मूल्यांकन करके सरकार उचित मुआवजा दे उन्होंने सरकार की ओर से मंडियों में किसानो की गेहूं खरीद पर लगाई गई शर्तों को भी अनुचित बताया।

---


जींद। जाम में फंसे वाहन। फोटो :हरिभूमि

### ट्रैक्टर ट्रालियों की लंबी कतार से चालक दुःखी

**जींद।** मंगलवार को अचानक ई खरीद पार्टल ठप होने के कारण अधिकारियों तथा किसानों को परेशानी में डाल दिया। जिसके चलते न तो गेट पास कट सके और बायोमैट्रिक सिस्टम भी जवाब दे गया। जिसके चलते मंडियों के बाहर गेहूं लेकर पहुंचे ट्रैक्टर ट्रालियों की लाइन लग गई। हालात यहां तक रहे कि उचाना में जींद-पटियाला मार्ग तथा अलेवा में खांडा मार्ग कुछ समय के लिए बाधित हो गया। हालातों को देखते हुए मार्केट कमेटी अधिकारियों ने मैन्युअल गेट पास काट कर व्यवस्था को पटरी पर लाए। जिसके बाद ही खरीद प्रकिया शुरू हो पाई। गेहूं की खरीद प्रक्रिया रफ्तार पकड़ रही है। मंगलवार को लगभग साढ़े दस बजे ई खरीद पोर्टल में तकनीकि खामी के कारण दिक्कत हो गई। जिसके साथ गेट पास तथा बायो मैट्रिक सिस्टम भी ठप हो गया। जिसके कारण ओटीपी जाने बंद हो गए। जिसके कारण गेहूं खरीद प्रकिया भी ठप हो गई। गेट पास न कटने के कारण बाहर की तरफ ट्रैक्टर ट्रालियों की लाइन लग गई। उचाना अनाज मडी के सामने ट्रैक्टर ट्रालियां जींद-पटियाला मार्ग पर आ गई और रास्ता बाधित हो गया।

## नियमों के उल्लंघन पर 27 का चालान

- रातभर चली सघन नाकाबंदी के दौरान 375 वाहनों की जांच की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला पुलिस ने सोमवार रात्रि 11 बजे से प्रातः 4 बजे तक विशेष अंतर-राज्य नाका चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत करना तथा अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाना रहा। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान जिला के विभिन्न संवेदनशील स्थानों सहित पंजाब-हरियाणा सीमा पर विशेष नाकाबंदी कर वाहनों की गहन जांच की गई। अभियान में 100 पुलिसकर्मियों की तैनाती की, जिसमें डीएसपी स्तर के अधिकारियों ने स्वयं मोर्चा संभालते हुए टीमों का नेतृत्व किया। पुलिस की सक्रियता के चलते कुल 375 वाहनों की जांच की गई तथा संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त 6 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। जांच के दौरान पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता भी मिली, दो चोरीशुदा बाइक, 21 बोतल शराब भी बरामद की गई तथा एक गाड़ी में 8 पशुओं को ठूंस ठूंस कर क्रूरता पूर्वक लदान करके ले जा रहे 2 आरोपी को भी काबू कर लिए गए। इसके अतिरिक्त यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्ती दिखाते कुल 27 चालान किए गए तथा एक वाहन को इंपाउंड किया गया।



#### कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें

एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि अपराध पर नियंत्रण और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार के विशेष अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।


अलेवा। अनाज मंडी के मेन गेट के सामने लगी ट्रैक्टर-ट्रालियों की लंबी लाइन।

### साइट बंद, गेट पास के लिए भटके किसान

**अलेवा।** अलेवा अनाज मंडी के मेन गेट के पास मार्केट कमेटी द्वारा गेट पास काटने के लिए रखे कंप्यूटर की इंटरनेट की साइट में तकनीकी खराबी आने से किसानों को मंडी में गेहूं डालने के लिए एक घंटे से अधिक समय तक गेट पास नही कट सके। अलेवा में गेट पास न कटने के क ारण मंडी के मेन गेट से अलेवा बीडीपीओ कार्यालय तक किसानों के ट्रैरक्टरों की लंबी-लंबी लाइन लगने से घंटाभर जाम की स्थिति बनी रही। ट्रैक्टर ट्रालियों की लगी लंबी-लंबी लाइन के कारण ढाठरथ मार्ग पर जाने वाले वाहन चालकों को काफ समय तक इंतजार करना पड़ा। इससे वाहन चालकों को काफ ी परेशानी का सामना करना पड़ा। मामले की सूचना मिलते ही अलेवा पुलिस द्वारा मौके पर पहुंच कर मार्केट कमेटी के कर्मचारियों से किसानों को मैनूअल गेट पास कटवा कर देने के साथ ही ट्रैक्टर ट्रालियों की गेट में इंटरी करवा स्थिति को काबू किया। मैनूअल गेट पास मिलने के बाद किसानों द्वारा ट्रैरक्टर ट्रालियों का मंडी में प्रवेश होने के साथ ही गेहूं की फ सल को मंडी में उतारा। इससे काफ ी समय के इंतजार के बाद समस्या का हल होने से किसानों व आढ़तियों ने राहत की सांस ली। एक घंटे बाद इंटरनेट की साइट में आई खराबी ठीक होने के बाद मार्केट कमेटी कर्मचारियों ने भी राहत की सांस ली।

---

### कैथल से शिमला के लिए बस का संचालन सुबह 6 बजे किया जाएगा।

# कैथल से अमृतसर-शिमला के लिए सीधी बस सेवा प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

यात्रियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को देखते कैथल डिपो ने अमृतसर और शिमला के लिए सीधी बस सेवा दोबारा शुरू कर दी है। इन सेवाओं के शुरू होने से अब यात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी। खासतौर पर उन लोगों के लिए यह राहत भरी खबर है, जिन्हें पहले कई जगह बस बदलकर अपने गंतव्य तक पहुंचना पड़ता था। समय की भी बचत होगी। कैथल से शिमला के लिए बस का संचालन सुबह 6 बजे किया जाएगा। ये बस तय समय के अनुसार सुबह 9.42 पर चंडीगढ़ पहुंचेगी। इसके बाद यह बस शिमला के लिए आगे रवाना होगी। वापसी में शिमला से यह बस दोपहर 2 बजकर 42 मिनट पर चलेगी और उसी मार्ग से होते हुए वापस कैथल पहुंचेगी। इस सेवा के शुरू होने से हिमाचल प्रदेश जाने वाले यात्रियों को अब सीधी और सुगम यात्रा का विकल्प मिल गया है। अमृतसर के लिए भी सीधी बस सेवा शुरू अमृतसर के लिए भी कैथल से सीधी बस सेवा शुरू कर दी गई है। यह बस सुबह 9 बजकर 20 मिनट पर कैथल से रवाना होगी। यह बस जींद के सफीदों से सुबह 7 बजे चलकर कैथल पहुंचेगी, जिसके बाद आगे अमृतसर के लिए रवाना होगी। मार्ग में असंध पर इसका समय 7 बजकर 30 मिनट, चीका पर 10 बजकर 20 मिनट और पटियाला में 11 बजकर 33 मिनट निर्धारित किया गया है। यह बस शाम को 7 बजकर 57 मिनट पर जालंधर पहुंचेगी और इसके बाद अमृतसर के लिए आगे बढ़ेगी। इस सेवा से पंजाब जाने वाले यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी क्योंकि अब उन्हें बीच में बस बदलने की आवश्यकता नहीं होगी। अगले दिन सुबह अमृतसर से वापसी वापसी में यह बस अगले दिन सुबह 6 बजे अमृतसर से रवाना होगी। यह बस जालंधर से सुबह 7 बजकर 57 मिनट पर चलेगी और आगे बढ़ते हुए दोपहर 12 बजकर 30 मिनट पर चीका पहुंचेगी। इसके बाद यह बस कैथल पहुंचेगी और दोपहर 3 बजे सफीदों के लिए रवाना हो जाएगी। यात्रियों को मिलेगा सीधा लाभ इन दोनों बस सेवाओं के शुरू होने से यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। अब उन्हें अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए अलग-अलग बसें बदलने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे न केवल समय की बचत होगी, बल्कि यात्रा भी आरामदायक होगी।



#### यात्रियों को बेहतर सुविधा देना उद्देश्य

रोडवेज के टीएम विपुल कुमार ने बताया कि यात्रियों की मांग को ध्यान में रखते हुए इन दोनों बस सेवाओं का संचालन शुरू कर दिया गया है। विभाग का उद्देश्य यात्रियों को बेहतर और सुगम परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना है।

## हाइड्रोजन ट्रेन एक सप्ताह बाद दिल्ली से लौट कर जींद पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हाइड्रोजन ट्रेन एक सप्ताह बाद दिल्ली से लौट कर फिर से जींद पहुंची। मंगलवार को उसे ट्रायल के लिए सोनीपत रूट पर रवाना किया गया। जो शाम चार बजे वापस लौटी। अब सीआरएस के निरीक्षण के दौरान ही ट्रेन को रूट पर चलाया जाएगा। मंगलवार को ट्रेन सुबह करीब सवा दस बजे जींद स्टेशन से चली। इस दौरान रेलवे अधिकारियों और तकनीकी टीम की निगरानी में ट्रेन ने पूरे रूट पर अपना परीक्षण पूरा किया। ट्रायल के दौरान ट्रेन को हर छोटे व बड़े स्टेशन पर रोका गयाए ताकि उसके संचालन, ब्रेकिंग सिस्टम, गति नियंत्रण और अन्य तकनीकी पहलुओं का बारीकी से निरीक्षण किया जा सके। ट्रेन को नियमित संचालन से पहले हर स्तर पर परखा गया। सोनीपत रूट पर सफल ट्रायल के बाद यह ट्रेन शाम करीब चार बजे वापस जींद स्टेशन पहुंची। इस दौरान रेलवे स्टाफ ने ट्रेन की परफॉर्मेंस का डाटा भी एकत्रित किया। जिसे आगे विश्लेषण के लिए भेजा जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि ट्रेन के संचालन के दौरान सभी प्रमुख तकनीकी मापदंडों पर संतोषजनक परिणाम मिले हैं। गौरतलब है कि इससे पहले हाइड्रोजन ट्रेन को मरम्मत और अन्य तकनीकी कार्यों के लिए दिल्ली भेजा गया था।

## खबर संक्षेप

### नवनियुक्त एसडीएम का नंबरदारों ने किया स्वागत

**उचाना।** नंबरदार एसोसिएशन उचाना द्वारा नवनियुक्त एसडीएम रमित यादव से मुलाकात की। जिला प्रधान मंजीत नंबरदार घोघड़िया, तहसील उचाना प्रधान सुरेश कटारिया नंबरदार की अगुवाई में नंबरदार एसडीएम से मिले। एसडीएम की नियुक्ति पर उनका अभिनंदन किया। नंबरदार ने कहा कि नंबरदार जनता और सरकार के बीच की कड़ी सरकार की नीतियों का प्रचार करते है। एसडीएम नंबरदारों की किसी तरह की समस्या है उनका प्राथमिकता के आधार पर समाधान होगा।

### सरकार फसल का एक-एक दाना एमएसपी पर खरीदेगी

**उचाना।** भाजपा कसूहन मंडल महामंत्री रोहताश खटकड़ ने कहा कि इस बार राम भी राजी है सरकार भी राजी है। बंपर फसल इस बार गेहूं की हो रही है। सरकार किसान की फसल का एक-एक दाना एमएसपी पर खरीदेगी। सबसे अधिक 24 फसलें हरियाणा सरकार एमएसपी पर खरीद रही है। उचाना में खरीद को लेकर किसी तरह की परेशानी किसानों को नहीं आ रही है। वे खुद किसान है वो अपनी फसल को मंडी में बेचने के लिए आए। यहां पर जो नए नियम है उनको पूरा करने में 5 मिनट भी नहीं लगी। जो किसानों को गुमराह नए नियमों को लेकर कर रहे थे बहकावे में किसान नहीं आएंगे।

### अंशुल अग्रवाल जनहित समिति के प्रदेशाध्यक्ष बने

**उचाना।** अग्रवाल जनहित समिति की बैठक समिति संस्थापक रामनिवास करसिंधु की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग में अंशुल करसिंधु को समिति का युवा प्रदेशाध्यक्ष मनोनित करने का फैसला लिया। करसिंधु ने कहा कि समिति निरंतर समाज सेवा के कार्य कर रही। सामाजिक मुद्दों को शासन, प्रशासन के सामने उठा कर दूर करवाने का काम कर रही है। समिति का जो नाम है उसके अनुरूप ही कार्य कर रही है। अंशुल करसिंधु ने कहा कि जो जिम्मेदारी सौंपी है उसको निष्ठा से निभाने का काम करेंगे।

### रबी खरीद सीजन को लेकर नोडल अधिकारी नियुक्त

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि रबी खरीद सीजन के दौरान गेहूं खरीद कार्य को सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से संचालित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न मंडियों में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। अधिकारी संबंधित मंडियों में खरीद कार्य, अनाज उठान तथा किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करेंगे। साथ ही सभी नोडल अधिकारी खरीद एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करेंगे। डीसी ने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह मंडियों में किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न होने दें।

### एलपीजी गैस सिलेंडरों की कोई कमी नहीं

**उचाना।** एलपीजी गैस सिलेंडर की किसी तरह की कोई कमी नहीं है। उपभोक्ता जरूरत के हिसाब से गैस सिलेंडर ले। गैस सिलेंडर का स्टॉक घर पर न करें। जो नियम है उसके अनुसार गैस सिलेंडर ले। गैस एजेंसी मालिक बलकार ने बताया कि गैस सिलेंडर नियमानुसार उपभोक्ताओं को दिए जा रहे है। नए नियमानुसार ओटीपी नंबर आने पर गैस सिलेंडर दिए जाते है। जिस भी उपभोक्त की कापी में नंबर दर्ज नहीं है उसका नंबर दर्ज किया जा रहा है ताकि किसी तरह की परेशानी न हो।

### आढ़तियों को किया जा रहा परेशान : मनोज

**उचाना।** राष्ट्रीय महासचिव किसान कांग्रेस एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी मनोज नचार ने कहा कि सरकार द्वारा ट्रैक्टर की वेरिफिकेशन, बायोमेट्रिक, तीन गारंटर जैसे नियम बनाकर किसान व आढ़तियों को तंग किया जा रहा है, जो सरासर गलत है। यह सरकार पोर्टल की है जबकि सरकार का पोर्टल चलता तक नहीं है। पिछली सरकारों में किसान फसल मंडियों में लेकर आता था व फसल के ऑफलाइन खुली बोली में बेचकर पैसे लेकर खुशी- खुशी घर चला जाता था मगर अब अनाज बेचने के लिए नए-नए नियम बनाकर उन्हें तंग करने का काम कर रही है।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# छात्राओं ने नाटक से किया नशे पर कटाक्ष

### 110 छात्राओं ने कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भागीदारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर हिंदू कन्या महाविद्यालय की ओर से नशे के विरुद्ध आमजन को जागृत करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के नशा विरोधी जागरूकता प्रकोष्ठ तथा यूथ रेडक्रास के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत आयोजित किया गया। इस अवसर पर सफेद सोना या जहर शीर्षक से राम मंदिर, रानी तालाब के समीप बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इस नाटक में नौ छात्राओं ने मुख्य भूमिका निभाई। जबकि कुल 110 छात्राओं ने कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भागीदारी दी। सफेद सोना या ज़हर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्राओं ने सशक्त संवादों एवं भावनात्मक प्रस्तुति के माध्यम से यह संदेश प्रभावी ढंग से दिया कि जिसे सफेद सोना कहा जाता है, वह वास्तव में एक घातक जहर है। जो धीरे-धीरे व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक जीवन को नष्ट कर देता है। नाटक में दर्शाया गया कि किस प्रकार युवा वर्ग जिज्ञासा, साथियों के दबाव एवं मनोरंजन की चाह में नशे की ओर आकर्षित होता है और अंततः इसकी गिरफ्त में आकर अपना जीवन बर्बाद कर लेता है। नाटक का चरम दृश्य, जिसमें नशे के कारण एक युवक की दुखद मृत्यु दिखाई गई। जो दर्शकों के दिल को छू गया। अंत में सामूहिक रूप से नशा विरोधी शपथ दिलाई गई। जिसमें उपस्थित छात्राओं, स्थानीय नागरिकों एवं असंख्य दर्शकों ने भाग लेकर नशा मुक्त समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई।



जींद। नाटक प्रस्तुत करते हुए छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

कॉलेज प्राचार्या डा. पूनम मोर ने छात्राओं को नशे के विरुद्ध अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया तथा उन्हें शुभकामनाएं दीं। इसके पश्चात छात्राएं कार्यस्र5म स्थल के लिए रवाना हुई। जहां उन्होंने जागरूकता गीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। इस कार्यक्रम में पुलिस नशीले पदार्थ नियंत्रण विभाग का भी विशेष सहयोग रहा। जिसमें उपनिरीक्षक नरेश कुमार नशा मुक्ति दल प्रभारी, उपनिरीक्षक बलबीर सिंह, महिला कांस्टेबल कविता तथा शहर थाना प्रभारी दिनेश कुमार मौजूद रहे। उन्होंने छात्राओं की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि यह नुक्कड़ नाटक नशे के विरुद्ध एक सशक्त एवं सार्थक संदेश देने में पूर्णतः सफल रहा है।

#### प्रतिभागियों का स्वागत

इस तरह की गतिविधियां एक स्वस्थ, जागरूक एवं सशक्त समाज के निर्माण में सहायक सिद्ध होती हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन संयोजिका डा. सीमा दलाल तथा सह संयोजिका डा. पिंकी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं एवं नशीले पदार्थ नियंत्रण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जो कार्यक्रम स्थल से प्रारंभ होकर महाविद्यालय परिसर में समाप्त हुई। रैली के दौरान छात्राओं ने नशे के विरुद्ध नारे लगाते आम जनता को जागरूक किया। महाविद्यालय पहुंचने पर प्राचार्या डा. पूनम मोर ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते उनके प्रयासों की सराहना करते कहा कि नशे के प्रति जागरूकता लाने का छात्राओं का यह प्रयास में निसंदेह सार्थक सिद्ध होगा। छात्राओं को भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। स्वयंसेविकाओं और एनसीसी के कैडेट्स ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेते अनुशासन, समर्पण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट परिचय दिया।

## तकनीक का सही उपयोग ही जीवन में सफलता की कुंजी : नरेंद्र कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



राजकीय महिला महाविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग के अंतर्गत डिजिटल एडिक्शन विषय पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डा. सुमन ने किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को मोबाइल फोन और सोशल मीडिया के अत्यधिक प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करना था। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रभावशाली स्लोगनों के माध्यम से डिजिटल लत के नुकसान तथा संतुलित जीवन के महत्व को प्रस्तुत किया। छात्राओं ने अपने रचनात्मक विचारों से सभी को प्रभावित किया। इस कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य नरेंद्र कुमार ढुल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि तकनीक का सही उपयोग ही जीवन में सफलता की कुंजी है। उन्होंने छात्राओं को समय का सदुपयोग करने और डिजिटल उपकरणों का सीमित उपयोग करने की सलाह दी। निर्णायक मंडल की भूमिका डा. अर्चना व अनीता श्योकंद ने निभाई। प्रतियोगिता के अंत में विजेता छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान काशी तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान तनु बीए द्वितीय वर्ष, पारुल व प्रिया प्रथम वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में उप प्राचार्य अनुप मोर भी उपस्थित रहे।




जींद। कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**जींद।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर निपुण जींद व पहला कदम फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय, जींद शहर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मु य उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी, अभिभावक, स्थानीय नागरिक और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अध्यक्षता पहला कदम फाउंडेशन के राष्ट्रीय संरक्षक रमेश चंद्र शर्मा ने की, जबकि मुख्यअतिथि के रूप में जिला समन्वयक एफ एल एन राजेश वशिष्ठ ने शिरकत की। उनके साथ निपुण वह पहला कदम फाउंडेशन के पदाधिकारी, शिक्षाविद् और स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

### सीजेएम ने किया नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण

**जींद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जींद पूनम सुनेजा के निर्देशानुसार मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मोनिका ने नशा मुक्ति केंद्र फ्यूचर वेलफेयर सोसाइटी नरवाना का औचक निरीक्षण किया। प्राधिकरण सचिव ने नशे की परिभाषा से लेकर उसके प्रकार प्रतिबंध और चेतावनी युक्त नशों के बारे बताया और विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि भारत में वर्ष 1985 से एनडीपीएस एक्ट अर्थात नारकोटिक्स ड्रग्स एवं साइकॉट्रॉपिक सब्सटेंस एक्ट लागू किया गया है। इस अधिनियम के अंतर्गत होने वाले अपराध संज्ञेय और अजमानतीय होते हैं इसमें कठोर दंड के प्रावधान है नशे को मनुष्यों के लिए घातक माना गया है। इस मौके पर नशा मुक्ति केंद्र में 12 उपचाराधीन व्यक्ति उपस्थित थे।

### तनावमुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया

**जींद।** आधारशिला विद्यालय में मंगलवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन कर किया। मुख्यअतिथि की भूमिका में शहर के दंत चिकित्सक डा. अखिलेश वशिष्ठ व बाल रोग विशेषज्ञ डा. सीमा वशिष्ठ ने शिरकत की। स्कूली छात्राओं ने स्वागत नृत्य, योग प्रस्तुति, स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियां व विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा निर्धारित एक वर्ष की थीम पर प्रस्तुति द्वारा समा बांध दिया। इस वर्ष की थीम स्वास्थ्य के लिए एक साथ, विज्ञान का साथ विषय पर विद्यार्थियों से चर्चा की। इस पर प्रकाश डालते कहा कि वैज्ञानिक अनुसंधान व साक्ष्य आधारित निर्णय मनुष्यों, जानवरों और पर्यावरण के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए अति आवश्यक है। सभी बच्चों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और तनावमुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।




जींद। कार्यक्रम में भाग लेते डा. अखिलेश व डा. सीमा वशिष्ठ।



जींद। बैठक में भाग लेते यूनियन कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

### सरकार ने जारी किया ये आदेश

**जींद।** हरियाणा पब्लिक कर्मचारी संघ संबंधित भारतीय मजदूर की जिला स्तरीय बैठक जनस्वास्थ्य विभाग परिसर में स्थित संघ कार्यालय में हुई। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मुकेश भट्ट ने की। बैठक में विचार मंथन के उपरांत प्रदेश अध्यक्ष दलबीर सिंह व महामंत्री विनोद शर्मा की मौजूदगी में हरियाणा पब्लिक हेल्थ कर्मचारी संघ की जिला जींद कार्यसमिति का पुनर्गठन किया गया। बैठक के उपरांत सर्वसम्मति से हरियाणा पब्लिक हेल्थ कर्मचारी संघ की जिला समिति का गठन किया है। जिसमें इंद्र गांगोली को जिला अध्यक्ष, नंदकिशोर ढिगाना को कार्यकारी अध्यक्ष, मुकेश भट्ट को जिला सचिव, संजीव राणा को उपाध्यक्ष, सतपाल मलिक को संगठन सचिव, नवनीत वत्स को कोषाध्यक्ष, अरुण कुमार को प्रेस सचिव, कप्तान सिंह व प्रेम सिंह को मुख्य सलाहकार चयनित किया गया।

### गिरदावरी के कार्य में तेजी लाने के निर्देश

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने मंगलवार को जुलाना खंड के गोसाईं खेड़ा गांव के खेतों में पहुंच कर रबी फसलों की डिजिटल क्रॉप सर्वे के तहत चल रहे गिरदावरी के कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने पटवारियों द्वारा डिजिटल क्रॉप सर्वे के तहत की जा रही एंट्री के बारे में आवश्यक जानकारी हासिल की और इस कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने निरीक्षण के दौरान संबंधित खेत में पहुंच कर कार्य का स्वयं डिजिटल क्रॉप सर्वे में फसल की एंट्री प्रक्रिया देखी। खेत में खड़ी फसल की फोटो को एप पर अपलोड कर एंट्री दर्ज करवाई। डिजिटल सर्वे में किल्ला नंबर को सीजरा से मिलान किया। गिरदावरी के दौरान डीआरओ राजकुमार तथा पटवारियों ने डीसी को अवगत करवाया कि एंट्री के दौरान एप पर कई बार लोकेशन से संबंधित परेशानी आती है।



जींद। डिजिटल क्रॉप कार्य का सर्वे करते डीसी। फोटो :हरिभूमि



उचाना। मंडी में शैड के नीचे गेहूं उतारते किसान। फोटो :हरिभूमि

### भाजपा सरकार किसान हितैषी : देवेंद्र

**उचाना।** मंडी में गेहूं की आवक जारी है। मौसम में बदलाव होने के चलते जरूर गेहूं की कटाई प्रभावित हो रही है। दोपहर 12 बजे तक 2300 से अधिक गेट पास उचाना मंडी, अतिरिक्त मंडी, छात्तर सब यार्ड एवं परचेज सेंटरों पर कट चुके थे। 2 लाख क्विंटल के आस-पास गेहूं की आवक भी हो चुकी थी। एसडीएम रमित याद्व निरंतर खरीद संबंधित जानकारी लेने के साथ दौरा कर खरीद संबंधित प्रक्रियाओं का जायजा ले रहे है। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कहा कि भाजपा सरकार किसान हितैषी सरकार है। जो नियम सरकार ने बनाए है वो किसान हित के लिए बनाए गए है। किसी तरह की परेशानी किसानों, आढ़तियों को नहीं आने दी जाएगी। किसानों का भला अगर किसी सरकार ने किया है तो वो पीएम नरेंद्र मोदी, सीएम नायब सिंह सैनी की अगुवाई वाली भाजपा सरकार ने किया है।



जींद। प्रशिक्षण शिविर में भाग लेते पुलिस अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### अभेद एप विदेशी कॉल नंबरों की पहचान में सहायक

**जींद।** साइबर अपराधों की रोकथाम एवं पुलिसबल की तकनीकी दक्षता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कार्यालय पुलिस अधीक्षक जींद में मंगलवार को विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन साइबर सेल जींद के प्रभारी पीएसआई अनमोल द्वारा किया गया। इस अवसर पर पीएसआई अनमोल ने उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नेट ग्रेड तथा अभेद एप के बारे में विस्तृत एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि इन आधुनिक तकनीकी प्लेटफॉम्र्स के माध्यम से साइबर अपराधों की निगरानी, विश्लेषण एवं त्वरित कार्रवाई को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। साथ ही उन्होंने इन टूल्स के उपयोग की प्रक्रिया, उनके लाभ तथा वास्तविक मामलों में उनके प्रयोग के उदाहरण भी सांझा किए। प्रशिक्षण के दौरान यह भी बताया गया कि अभेद एप किस प्रकार संदिग्ध विदेशी कॉल नंबरों की पहचान करने में सहायक है तथा नेट ग्रेड के माध्यम से डेटा विश्लेषण कर अपराधियों तक शीघ्र पहुंच बनाई जा सकती है। इस प्रकार की तकनीकी जानकारी से पुलिसकर्मियों की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी और आमजन को बेहतर सुरक्षा प्रदान की जा सकेगी।

## इंडस स्कूल में मनाया विश्व हेल्थ-डे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इंडस पब्लिक स्कूल की जूनियर विंग में वल्ड हेल्थ बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए स्वास्थ्य से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य बच्चों को स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के अंतर्गत हैंड वॉश गतिविधि करवाई गई। जिसमें बच्चों को हेल्दी और अनहेल्दी फूड से संबंधित एक्टिविटी और सही तरीके से हाथ धोने की प्रक्रिया सिखाई गई। उन्हें बताया कि साफ-सफाई बनाए रखने से कई बीमारियों से बचा जा सकता है। इसके साथ ही विद्यालय में एक सलाद पार्टी का भी आयोजन किया गयाए जिसमें बच्चों ने विभिन्न प्रकार के फल और सब्जियों से बने स्वस्थ और पौष्टिक सलाद का आनंद लिया। इसके अतिरिक्त कई स्वास्थ्य से जुड़ी गतिविधियां जैसे योगए व्यायाम और छोटे-छोटे खेल भी कराए गएए जिससे बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और रुचि बढ़ी। मुख्याध्यापिका गुरमीत कौर विद्यार्थियों को समझाते कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। ऐसे आयोजन बच्चों को जीवनभर स्वस्थ रहने की सही आदतें सिखाते हैं।



जींद। कार्यक्रम के दौरान आयोजित गतिविधि में भाग लेते बच्चे।



उचाना। संदीप चहल, सुरेंद्र खरकभूरा, प्रवीण गर्ग को सम्मानित करते हुए।

### बांगर के किसान जताएंगे पीएम मोदी का आभार

**उचाना।** भाजपा कसूहन मंडल संयोजक संदीप चहल ने कहा कि बांगर के किसान पीएम नरेंद्र मोदी का किसान हित में निरंतर लिए जा रहे फैसलों पर चिट्ठी लिख कर आभार प्रकट करेंगे। किसान पीएम के साथ सीएम नायब सिंह सैनी का भी आभार करेंगे जो निरंतर किसान हित में फैसले ले रहे है। पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा किसानों के लिए जो किसान निधि शुरू की है उससे उन्हें देश का किसान सदियों तक याद रखेगा। उन्होंने इस योजना की तुलना चौ. देवीलाल द्वारा शुरू की गई बुजुर्ग पेंशन से की,जिससे समय के साथ वृद्धि हो रही है। पीएम नरेंद्र मोदी ने जो किसान निधि किसान को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए शुरू की थी उसमें निरंतर इजाफा होगा। देश के किसान पीएम नरेंद्र मोदी को सदियों तक याद रखेंगे।

### कैबिनेट मंत्री बेदी के निर्देशानुसार अधिकारियों ने निरीक्षण किया

# हुडा कॉम्प्लेक्स का नए सिरे से होगा कायाकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

नरवाना के हुडा कॉम्प्लेक्स का नए सिरे से कायाकल्प होगा। अत्याधुनिक जन सुविधाओं से लैस इस कॉम्प्लेक्स का दोबारा जीर्णोद्वार करवाया जाएगा। यहां बता दें कि यह विजन हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी का है और उन्हीं के प्रयासों से शहर वासियों का यह सपना साकार होता नजर आ रहा है। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी के निर्देशानुसार जिला के उच्च अधिकारियों ने इस कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम जीन्द एवं संपदा अधिकारी सत्यवान सिंह मान की मौजूदगी में ईओ एचएसवीपी बागवानी इंजीनियरिंग सिविल विभागों के अधिकारियों ने सम्बंधित कॉम्पलैक्स की प्रक्रिया पर व्यापक विचार विमर्श किया। एसडीएम एवं संपदा अधिकारी सत्यवान सिंह मान ने बताया कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ने यह जमीन 2016 में नगर परिषद को सौंप दी थी। उसके बाद 2023 में दोबारा नगर परिषद ने यह हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण को वापस कर दी। लेकिन इस प्रक्रिया में सभी विभागीय औपचारिकताएं पूरी नहीं हुई। जिस वजह से इस कॉम्पलैक्स को आवश्यकतानुसार विकसित नहीं किया जा सका। इसीलिए इसकी स्थिति दयनीय और जर्जर बनी रही। उन्होंने आगे बताया कि अब यह मामला शहरवासियों के माध्यम से कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी के संज्ञान में आया तो उन्होंने तुरंत इसे गंभीरता से लिया। अधिकारियों का आज का यह मौक़ा मुआयना और दौरा सभी स्वयं कैबिनेट मंत्री के निर्देशानुसार ही किया जा रहा है।



नरवाना। कार्रवाई करते अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

कैबिनेट मंत्री ने शुक्रवार तक की डेडलाइन दी है और निर्देश दिए हैं कि निश्चित समयावधि तक सभी विभागीय औपचारिकताएं पूरी होनी चाहिए ताकि कॉम्पलैक्स को विकसित किया जा सके। एसडीएम एवं संपदा अधिकारी सत्यवान सिंह मान तथा एचएसवीपी के मुख्य अधिकारी ने संयुक्त रूप से आश्वासन दिया कि कैबिनेट मंत्री के निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित की जाएगी और शुक्रवार तक सभी औपचारिकताएं तथा तकनीकी नॉर्मज पूरे कर लिए जाएंगे। इस दौरान कैबिनेट मंत्री के निजी सहायक जसवीर नैन भी मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य-आयुष विभाग की खींचतान का खामियाजा भुगत रहे मरीज व कर्मचारी

- कुछ कर्मचारी नागरिक अस्पताल में तो कुछ कर्मी कर रहे आयुष विभाग में नौकरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्वास्थ्य विभाग व आयुष विभाग की आपसी खींचतान का खामियाजा कर्मचारियों व मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। पंचकर्म करवाने वाले मरीजों को बैरंग लौटना पड़ रहा है। वहीं कर्मचारी भी दो जगह बंट गए हैं। दोनों ही जगह उनकी अनुपस्थिति दर्ज हो रही है। दोनों ही विभाग इन कर्मचारियों व अधिकारियों को अपना-अपना बता रहे हैं। ऐसे में यह खींचतान मरीजों व कर्मचारियों का कितना नुकसान करेगी, यह तो खींचतान के अंत के बाद ही पता चलेगा। आयुष विभाग का पंचकर्म केंद्र सेक्टर 8 के पालीक्लीनिक में कई साल से चल रहा है। पोलीक्लीनिक की बिल्डिंग के जिन कमरों और हाल में पंचकर्म केंद्र चल रहा है, उसमें स्वास्थ्य विभाग अब कैथ लैब शुरू करने जा रहा है। पोलीक्लीनिक में चल रहे आयुष विभाग के पंचकर्म केंद्र को नागरिक अस्पताल में आयुष विभाग की ओपीडी के साथ शिफ्ट करने की योजना है। जिला आयुष अधिकारी डा. अमित ने बताया कि पंचकर्मा केंद्र में कुछ कर्मचारी नहीं आ रहे हैं। उनकी अनुपस्थिति लगाकर आयुष महानिदेशक को पत्र लिख दिया है। इनको कारण बताओ नोटिस भी जारी किए गए थे लेकिन उनका जवाब नहीं आया। आयुष विभाग के पास डीडीओ पावर है, इसलिए इन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने का अधिकार भी उनके पास है।

## खबर संक्षेप

### सोसायटी 14 अप्रैल को मनाएगी आंबेडकर जयंती

**जींद।** सफीदों रोड की गुरु रविदास धर्मशाला में डा. बीआर आंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी जींद की कार्यकारिणी की बैठक प्रधान राजेश पहलवान की अध्यक्षता में बुलाई गई। सभा में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आंबेडकर जयंती 14 अप्रैल को पहले की भांति बड़ी धूमधाम से मनाई जाएगी। महासचिव रामचंद्र जेस्ट ने बताया कि अनुसूचित जाति के मेधावी छात्र व छात्राओं कक्षा 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोतर कक्षाओं को कार्यकारिणी के द्वारा सम्मानित किया जाएगा। 11 अप्रैल शनिवार के दिन सर्व समाज के द्वारा एक बाबा साहब की शोभायात्रा भी निकाली जाएगी।

### ई भूमि पोर्टल के माध्यम से जमीन खरीद प्रक्रिया शुरू

**जींद।** संपदा अधिकारी जीन्द सत्यवान मान ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा विभिन्न कस्बों, जिलों में आने वाले सभी डेवलपमेंट प्लान के अनुसार रिहायशी, व्यावसायिक व संस्थागत सेक्टरों में ई भूमि पोर्टल के माध्यम से 146707.921 एकड़ जमीन खरीदने, एक्वायर करने का फैसला किया गया है। उन्होंने बताया कि ई भूमि के जरिए जमीन खरीदने के लिए भूस्वामियों, एग्रीग्रेटर के लिए आगामी 30 अप्रैल (पहला चरण) तक ई भूमि पोर्टल पर अपनी भूमि का विवरण अपलोड करने के लिए पोर्टल खोला गया है।

### पशुओं को क्रूरतापूर्वक ले जा रहे 2 आरोपी दबोचे

**कैथल।** पिकअप गाड़ी में पशुओं को ठूंस ठूंस कर क्रूरता पुर्वक लदान करके ले जा रहे आरोपी नवागांव खनौरी पंजाब निवासी हरपिंद्र सिंह व झिंझाना जिला शामली उत्तर प्रदेश निवासी अजीम को चौंकी संगतपुरा पुलिस के एएसआई चरण सिंह द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। जिनके कब्जे से 8 पशु बरामद करके उन्हे रिहा करवाया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चौंकी संगतपुरा प्रभारी पीएसआई मन्नू की अगुवाई में एएसआई चरण सिंह की टीम पुलिस चौंकी के सामने रात्रिकालीन नाकाबंदी किए हुए थी, तभी करीब रात के 12 बजे एक पिकअप गाड़ी आई थी।

### सिंगल यूज प्लास्टिक बेचने पर काटा चालान

**पूंडरी।** सिंगल यूज प्लास्टिक बेचने वालों पर नगरपालिका व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की संयुक्त टीम ने पुण्डरी के विभिन्न बाजारों में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान नगरपालिका की टीम ने दुकानदारों से प्रतिबंधित पॉलिथीन बरामद किया । नगरपालिका द्वारा दुकानदारों के चालान कर उनसे साढ़े 7 हजार रुपये जुर्माना राशि वसूली। पुण्डरी नपा सचिव मोहन लाल नें सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से हरप्रीत सिंह व नगरपालिका से एसआई वीरेंद्र के नेतृत्व में टीम गठित की गई है।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर किया जागरूक

**सीवन।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सीवन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरकीरत ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बदलती जीवनशैली और अनियमित खानपान के कारण अनेक बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में आवश्यक है कि लोग संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच को अपनी दिनचर्या में शामिल करें।

### आज अंग्रेजी भाषा का ज्ञान जरूरी : सुरेंद्र

**कैथल।** ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल, क्योड़क में विद्यार्थियों की अंग्रेजी भाषा कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इंग्लिश स्पीकिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल के चेयरमैन हरपाल सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सुरेंद्र उर्फ सनी ने बच्चों को अंग्रेजी के गुर सिखाएं।

## एनएसएस शिविर में विविध गतिविधियों का सफल आयोजन

# विद्यार्थियों को स्वच्छता अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया

**डिजिटल साक्षरता, एआई कौशल एवं करियर अवसरों की महत्वपूर्ण जानकारी दी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



स्वयं सेवकों को सम्मानित करते पदाधिकारी

आरकेएसडी कॉलेज, कैथल द्वारा आयोजित 7 दिवसीय एनएसएस शिविर के छठे एवं सातवें दिन का आरंभ राष्ट्रगान एवं एनएसएस गीतों के साथ हुआ, जिससे पूरे वातावरण में अनुशासन एवं देशभक्ति की भावना का संचार हुआ। छठे दिन के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि श्रीमती सुरभि गर्ग (अध्यक्ष, नगर परिषद, कैथल) एवं विशिष्ट अतिथि सुशील कुमार (प्राचार्य, दर्शन एकेडमी) का पौधों एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। श्रीमती सुरभि गर्ग ने स्वच्छता अभियान (क्लीन इंडिया–ग्रीन इंडिया)' विषय पर प्रेरणादायक व्याख्यान देते हुए सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी तथा विद्यार्थियों को स्वच्छता अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। सुशील कुमार ने दैनिक जीवन में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। द्वितीय सत्र में आर.के.एस.डी. कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रधान ने विद्यार्थियों को डिजिटल साक्षरता, एआई कौशल एवं करियर अवसरों के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी तथा अपने अनुभव साझा किए। इसके पश्चात सभी ने अनुशासनपूर्वक भोजन ग्रहण किया।

### सूर्य नमस्कार का अभ्यास

दोपहर बाद सत्र में क्रिकेट, शतरंज, कैरम, बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस जैसी खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके साथ ही गीत, कविता एवं नृत्य जैसी सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं ने कार्यक्रम को और भी रोचक एवं आनंदमय बना दिया। सातवें दिन के प्रथम सत्र में आर.के.एस.डी. कॉलेज, कैथल के योग प्रशिक्षक रवि ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी, ताड़ासन एवं सूर्य नमस्कार जैसे आसनों का अभ्यास करवाया। स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह के साथ योगाभ्यास में भाग लिया।

### सहयोग का आश्वासन

द्वितीय सत्र में विशिष्ट अतिथि नरेंद्र ने 'महिला सशक्तिकरण' विषय पर व्याख्यान देते हुए महिलाओं की समाज में महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने लक्ष्मीबाई, सरोजिनी नायडू, इंदिरा गांधी, कल्पना चावला, सुषमा स्वराज एवं विनेश फोगाट जैसी प्रेरणादायक महिलाओं के उदाहरण प्रस्तुत किए। प्रधान अश्वनी शोरेवाला ने स्वयंसेवकों के अनुशासन, समन्वय एवं उत्कृष्ट व्यवहार की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए प्रेरित किया तथा हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। डॉ. अनिल जिंदल ने सात दिवसीय शिविर की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की, जबकि डॉ. अनुकृति एवं सुश्री अनीता द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए गए।

# उच्च गुणवत्ता के साथ दोबारा निर्माण के दिए सख्त निर्देश



पूंडरी। विधायक सतपाल जाम्बा सउक़ निर्माण का जायजा लेते हुए।

- पाई–करोड़ा सड़क निर्माण में खामियां मिलने पर विधायक जाम्बा का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

पाई से करोड़ा मार्ग पर हाल ही में बनी सड़क को लेकर क्षेत्रवासियों द्वारा प्राप्त शिकायतों का संज्ञान लेते हुए पूंडरी के विधायक सतपाल जाम्बा ने मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सड़क निर्माण में कई खामियां सामने आईं, जिस पर विधायक ने कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित ठेकेदार और अधिकारियों को मौके पर ही सख्त निर्देश जारी किए। विधायक ने सड़क की गुणवत्ता, निर्माण सामग्री और कार्य की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पाया कि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं किया गया है। इस पर उन्होंने ठेकेदार को फटकार लगाते हुए स्पष्ट कहा कि सड़क को दोबारा उच्च गुणवत्ता के साथ तैयार किया जाए और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक सतपाल जाम्बा ने अपने संबोधन में कहा कि जनता की मेहनत की कमाई से विकास कार्य किए जाते हैं, इसलिए उनमें गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। जहां भी खामियां मिलेंगी, वहां तुरंत कार्रवाई की जाएगी और जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य की लगातार निगरानी रखी जाए और तय समय सीमा के भीतर सड़क को दोबारा बनाकर दुरुस्त किया जाए।

### लापरवाही पर कार्रवाई

विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार जनहित के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और जनता की हर शिकायत का समाधान करना उनकी प्राथमिकता है। क्षेत्रवासियों को भरोसा दिलाया कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित की जाएगी। विधायक ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भविष्य में किसी भी कार्य में लापरवाही पाई गई तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक राजनीतिक पार्टी

- भाजपा का स्थापना दिवस एक राष्ट्र, एक संकल्प की सशक्त यात्रा : अमरजीत छाबड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। अमरजीत छाबड़ा पार्टी का झंडा फहराते हुए।

भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष हरियाणा प्रदेश राइस मिलर्ज एंड डीलर्ज एसोसिएशन अमरजीत छाबड़ा ने पार्टी की ऐतिहासिक यात्रा, विचारधारा और उपलब्धियों पर प्रकाश डालते कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा, सांस्कृतिक चेतना और जनकल्याण के लिए समर्पित एक विराट आंदोलन है। यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए अमरजीत छाबड़ा ने कहा कि 6 अप्रैल 1980 को स्थापित भारतीय जनता पार्टी ने अपने प्रारंभिक दौर से ही राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए कार्य किया। उन्होंने कहा कि लाखों देवतुल्य कार्यकर्ताओं के त्याग, तपस्या और समर्पण के बल पर आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। यह उपलब्धि केवल संख्या की नहीं, बल्कि विचार और विश्वास की विजय का प्रतीक है। आज भारत आर्थिक, सामाजिक और तकनीकी क्षेत्रों में तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। भाजपा सरकार ने पारदर्शिता, सुशासन और ईमानदारी की राजनीति को नई दिशा दी है।

### सबका सम्मान विकास

अमरजीत छाबड़ा ने कहा कि भाजपा की मूल विचारधारा 'राष्ट्र प्रथम' पर आधारित है, जिसने हमेशा गरीब, किसान, युवा, महिला और समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान को प्राथमिकता दी है। पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के 'अंत्योदय' के सिद्धांत को अपनाते पार्टी ने समाज के हर वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया है। छाबड़ा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते कहा कि उनके नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर नई और सशक्त पहचान बनाई है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र के साथ देश ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं।

# हल्की बारिश से बदला मौसम, बढ़ी ठंडक से धरतीपुत्रों की टेंशन बढ़ी

- तेज बारिश और हवा की स्थिति में नुकसान की संभावना अधिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

क्षेत्र में मंगलवार सुबह से हो रही हल्की बारिश ने मौसम का मिजाज बदल दिया। जहां पिछले दिनों तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही थी, वहीं आज ठंडी हवाओं और बूंदाबांदी से वातावरण में ठंडक घुल गई। इस मौसम परिवर्तन का सबसे अधिक असर किसानों पर पड़ा है। क्षेत्र में गेहूं की फसल कटाई के लिए तैयार खड़ी है और कई स्थानों पर कटाई शुरू भी हो चुकी है। ऐसे में बारिश किसानों के लिए चिंता का विषय बन गई है। किसानों का कहना है कि यदि बारिश तेज या लंबे समय तक जारी रहती है तो फसल गिर सकती है, जिससे उत्पादन और गुणवत्ता प्रभावित होगी। साथ ही कटाई कार्य भी बाधित हो सकता है, जिससे लागत बढ़ने की आशंका है। हालांकि कुछ किसानों ने यह भी कहा कि हल्की बारिश से खेतों में नमी बनी रहती है, जो आगे के कृषि कार्यों के लिए लाभकारी हो सकती है। लेकिन तेज बारिश और हवा की स्थिति में नुकसान की संभावना अधिक रहती है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार यह बदलाव पश्चिमी विक्षोभ के कारण हुआ है और आने वाले एक-दो दिनों तक ऐसा ही मौसम बने रहने की संभावना है।

### चीका में 13 हजार 810 क्विंटल गेहूं की खरीद

गुहला-चीका। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि गुहला क्षेत्र में गेहूं फसल खरीद का कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है। सोमवार तक 13 हजार 810 क्विंटल गेहूं की आवक विभिन्न मंडियों में हो चुकी है। किसानों को आह्वान भी किया गया है कि वे मंडियों में अपनी फसल को सुखाकर लाएं, ताकि जल्द ही उनकी फसल की खरीद हो सके। सभी मंडियों में गेहूं फसल की सुचारू खरीद हो, इसके लिए प्रशासनिक अधिकारियों की डयूटियां लगाई गई है।

# सभी एजेंसियों पर पर्याप्त मात्रा में घरेलू गैस सिलेंडर उपलब्ध

- किसी भी प्रकार का अफरा-तफरी का माहौल ना बनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक वरिंद्र सिंह ने बताया कि कैथल जिले में सभी 20 गैस एजैन्सियों पर पर्याप्त मात्रा घरेलू गैस सिलेण्डर उपलब्ध है व प्रवासी मजूदर, झुग्गी झोपड़ी व निर्माणाधीन स्थलों पर कार्य करने वाले बाहरी मजदूरों के लिए सरकार द्वारा 5 किलोग्राम के एलपीजी गैस सिलेण्डर उपलब्ध करवाने के लिए आवश्यक प्रबन्धक किए गए है। जिले की सभी गैस एजेन्सियों पर 5 किलोग्राम एलपीजी गैस सिलेण्डर उपलब्ध है, जिसको भी 5 किलोग्राम गैस सिलेण्डर की आवश्यकता हो वो किसी भी गैस एजैन्सी पर जाकर निर्धारित मूल्य पर 5 किलोग्राम का गैस सिलेण्डर प्राप्त कर सकता है। गैस सिलेण्डरों की कमी बारे आ रही अफवाहों पर आमजन ध्यान ना दें और किसी भी प्रकार का अफरा-तफरी का माहौल ना बनाएं। कैथल जिले में दिनांक 5 अप्रैल को सुबह 5950 सिलेण्डर उपलब्ध थे, 6770 नए सिलेण्डर प्राप्त हुए और 6105 सिलेण्डर उपभोक्ताओं को वितरीत किए और शाम को 6615 सिलेण्डर जिले में बकाया है। जिले में 11160 पीएनजी उपभोक्ता है। जिन्हें नियममित रूप से गैस सप्लाई मिल रही है। जिस क्षेत्र में पीएनजी की लाईन मौजूद है, वहां उपभोक्ताओं को अनुरोध किया जाता है कि अधिक से अधिक पीएनजी कनैक्शन लें।

# जनगणना देश के विकास की आधारशिला

- जनगणना के लिए प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को किया प्रशिक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण देते मास्टर ट्रेनर।

जनगणना 2027 के अंतर्गत प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 6 अप्रैल से 8 अप्रैल तक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैथल, डीएवी कॉलेज एवं रावमा स्कूल गुहला व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पूंडरी में आयोजित किया जा रहा है। जिला जनगणना समन्वयक अधिकारी ज्योति राणा ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनगणना से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों जैसे परिवार सूचीकरण, डिजिटल माध्यम से आंकड़ों का संकलन, फील्ड कार्य की प्रक्रिया व समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने पर जोर दिया गया। प्रतिभागियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया, जिससे वे वास्तविक परिस्थितियों में बेहतर ढंग से कार्य करने के लिए तैयार हो सकें। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया जनगणना देश के विकास की आधारशिला है, इसलिए प्रत्येक जानकारी को पूरी सावधानी, पारदर्शिता और सटीकता के साथ एकत्र करना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्य करें।

# जनकल्याणकारी योजनाओं से बदल रही देश की तस्वीर: निधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा "राष्ट्रहित सर्वोपरि" को आगे बढ़ाते हुए संगठन निरंतर जनकल्याणकारी योजनाओं और पारदर्शी शासन के माध्यम से देश के विकास में योगदान दे रहा है। इसी कड़ी में जिला सचिव महिला मोर्चा कैथल निधि मोहन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक निर्णय राष्ट्रहित को ध्यान में रखकर लिया जाता है, जिससे गरीब और वंचित वर्ग का सशक्तिकरण सुनिश्चित हो सके। उन्होंने बताया कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं समाज के हर वर्ग तक पहुंच रही हैं, जिससे देश प्रगति के नए आयाम स्थापित कर रहा है।

निधि मोहन ने आगे कहा कि पार्टी का मुख्य उद्देश्य "सबका साथ, सबका विकास" के मंत्र को साकार करना है, जिसके तहत हर नागरिक को समान अवसर और सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाएं और संगठन को मजबूत बनाने में अपना योगदान दें।जिला सचिव महिला मोर्चा कैथल निधि मोहन ने कैथल भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी का विशेष धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके कुशल नेतृत्व, मार्गदर्शन और निरंतर सहयोग से संगठन को मजबूती मिल रही है।

## ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय में किया प्रतियोगिता का आयोजन

# प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाया ज्ञान और प्रतिभा

***प्रतियोगिता में 'तिलक' टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी



पूंडरी। प्रतियोगिता के दौरान डॉ. शकुंतला सिंगला व डॉ. मीनू सिंगल के साथ छात्र।

ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय पूंडरी के राजनीति विज्ञान और लोक प्रशासन विभागों द्वारा अंतर विभागीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉ. शकुंतला सिंगला ने देवी सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। छात्राओं को संबोधित करते कहा कि उन्हें शैक्षणिक एवं अन्य प्रतियोगिताओं में बढ़-चढक़र भाग लेना चाहिए, क्योंकि ऐसी गतिविधियां उनके ज्ञान के साथ-साथ आत्मविश्वास को भी बढ़ाती हैं। कार्यक्रम की संयोजिका एवं विभागाध्यक्ष डॉ. मीनू सिंगल ने सभी का स्वागत करते प्रतियोगिता के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। इस प्रतियोगिता में मनु, कौटिल्य, तिलक, गोखले और अंबेडकर नाम की पांच टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता कुल आठ दौर में आयोजित की गई, जिसमें छात्राओं ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विभाग की शिक्षिकाएं आशु और मनीषा ने प्रतियोगिता का संचालन किया। प्रतियोगिता में 'तिलक' टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, 'कौटिल्य' टीम द्वितीय स्थान पर रही, जबकि 'मनु' टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया। अंत में प्रधानाचार्य ने विजेता टीमों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

### प्रश्नोत्तरी में दलबीर, प्रतीक और वीरेंद्र की टीम रही प्रथम

**कैथल।** डॉ. बीआर अंबेडकर राजकीय कॉलेज में मंगलवार को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई गई। प्रतियोगिता में विभाग के लगभग 39 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिन्हें 13 टीमों में विभाजित किया गया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों से रीजनिंग और तर्कशक्ति पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर इंदू गाबा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां ज्ञान और कौशल में वृद्धि करती हैं तथा समूह कार्य को बढ़ावा देती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी ऐसी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यवाहक प्राचार्य सुनीता अरोड़ा ने अपने संबोधन में डिजिटल युग में गणित के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में आगे बढ़ने का आह्वान किया। प्रतियोगिता में दलबीर, प्रतीक और वीरेंद्र की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सुमित, समीर और शुभम की टीम द्वितीय स्थान पर रही, जबकि देवेंद्र, यश और साक्षी की टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया। मूल्यांकन का कार्य डॉ. मंजू द्वारा किया गया। इस अवसर पर गणित विभाग के सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे।

### यूथ वीरांगना संस्था ने खोला नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र

**कैथल।** शहर के बलराज नगर स्थित वार्ड नंबर-17 की गली नंबर-4 में यूथ वीरांगनाओं द्वारा सोमवार को एक मुफ्त सिलाई प्रशिक्षण केंद्र व ब्यूटी पार्लर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीएसपी बीरभान, डिस्ट्रिक्ट टाउन प्लानर परवीन कुमार तथा होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल अशोक अरोड़ा मौजूद रहे।

संस्था की ओर से पिछले बैच के 250 प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। मुख्य अतिथियों ने यूथ वीरांगनाओं के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण केंद्र महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी वे संस्था के कार्यों में हर संभव सहयोग देंगे।

## खबर संक्षेप

### विवाहिता को दहेज के लिए किया प्रताड़ित, केस

**कैथल।** तितरम थाना क्षेत्र के एक गांव में 26 साल की विवाहिता ने अपने पति के खिलाफ दहेज प्रताड़ना के आरोप में केस दर्ज किया गया। पुलिस को दी शिकायत में एक गांव निवासी विवाहिता ने बताया कि 31 मार्च 2024 को उसकी शादी मोहित नाम के युवक से हुई थी। शुरुआत में पति ने ठीक-ठाक व्यवहार किया, लेकिन कुछ समय बाद वह नशे का आदी हो गया और बार-बार मारपीट करने लगा। आरोपी उसे रुपए लाने के लिए घर से बाहर भी निकाल चुका है। इसके बाद उसके परिजनों ने कई बार आरोपी को समझाने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी नहीं माना और दहेज की मांग जारी रखी।

### पेड न्यूज इन मीडिया पर हुआ व्याख्यान

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद के कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी के कुशल मार्गदर्शन में जनसंचार विभाग द्वारा पेड न्यूज इन मीडिया विषय पर एक महत्वपूर्ण एवं ज्ञानवर्धक शैक्षणिक व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मीडिया की बदलती प्रवृत्तियों, नैतिक मूल्यों तथा पत्रकारिता की जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना था। व्याख्यान में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### अनाज मंडी कैथल के व्यापारियों की बैठक

**कैथल।** अनाज मंडी कैथल के व्यापारियों की बैठक गेहूं खरीद को लेकर कैथल के लक्ष्मी नारायण मंदिर में प्रधान कृष्ण मित्तल की अध्यक्षता में हुई। कैठक में अहम फैसले लिए गए। इनमें पर्ची सिस्टम ( नया किसान लगाने से पहले पुराने वाले आढ़ती की पर्ची लेनी जरूरी है। गाड़ी सिस्टम ( इस बार 5500 कट्टो पर 1 गाड़ी , 5500 कट्टो से लेकर 10500 कट्टो पर 2 गाड़ी , 10500 कट्टो से 15500 कट्टो पर 3 गाड़ी , 15500 कट्टो से 20500 कट्टो पर 4 गाड़ी दी जाएगी। बिना मॉल गाड़ी नहीं अगर आढ़ती भाई के पास उस चक्कर में मॉल नहीं है। तो उस चक्कर की उस आढ़ती भाई को आगे वाले चक्कर में गाड़ी नहीं दी जायेगी। डस्टबिन व सफाई सभी आढ़ती भाई अपनी दुकानों पर डस्टबिन लगा कर रखें और सफाई का विशेष ध्यान रखें। सफाई वाली गाड़ी सुबह 9 बजे आयेगी। उसमें आप अपने डस्टबिन को डेली खाली कर सकते है। गिला मॉल नहीं तोलना कोई भी आढ़ती भाई गीला मॉल ना तोले। इस बार पीपी का बारदाना ही आयेगा। तोल की

### इनेलो ने खोला किसान कष्ट निवारण केंद्र

**अलेवा।** अलेवा अनाज मंडी में मंगलवार को इंडियन नेशनल लोकदल द्वारा किसान कष्ट निवारण केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया गया। यह केंद्र दुकान नंबर 51 पर स्थापित किया गया है। जिसका उद्देश्य क्षेत्र के किसानों की समस्याओं का समाधान करना और उन्हें उचित मार्गदर्शन प्रदान करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता उचाना हल्का अध्यक्ष समरजीत उर्फ बिल्लू पेगां ने की। इस अवसर पर जोन प्रभारी वेदपाल लोहान, जिला सचिव सुरेश पेगां व संगठन सचिव सुनील कुमार, शमशेर पेगां, कुलदीप पेगां, प्रेम अलेवा के अलावा काफी संख्या में रहे।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर नि:शुल्क स्क्रीनिंग शिविर लगाया

# 233 कैंसर रोगियों को यात्रा पास किए वितरित

**कैंसर रोगियों के लिए सरकार विशेष सुविधाएं प्रदान कर रही : डा. बिजेंद्र ढांडा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डा. बिजेंद्र ढांडा। फोटो : हरिभूमि

विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मंगलवार को नागरिक अस्पताल में राष्ट्रीय गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनपीएनसीडी) के तहत एक निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन को उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर एवं अन्य जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के प्रति जागरूक करना तथा समय रहते उनकी पहचान सुनिश्चित करना रहा। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा रक्तचाप, ब्लड शुगर, ओरल कैंसर, स्तन कैंसर एवं गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की स्क्रीनिंग की गई। इसके साथ ही लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, संतुलित आहार लेने, नियमित व्यायाम करने एवं नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर कुल 233 कैंसर रोगियों को निशुल्क यात्रा सुविधा पास वितरित किए गए। जिससे उन्हें उपचार के लिए स्वास्थ्य संस्थानों तक पहुंचने में आर्थिक व व्यावहारिक सहायता मिल सके। इसके अतिरिक्त शिविर में जरूरतमंद मरीजों को छड़ी (स्टिक) घुटना बेल्ट (नी बैंड), कलाई बेल्ट (रिस्ट बैंड), शॉल आदि उपयोगी सामग्री का भी वितरण किया गया। जिससे उन्हें दैनिक जीवन में सहूलियत मिल सके।

कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर के प्रतिनिधि रुद्राक्ष मिड्ढा ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य दिवस हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने लोगों से समय-समय पर जांच करवाने और स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली ने बताया कि गैर संचारी रोग वर्तमान समय की सबसे बड़ी स्वास्थ्य चुनौतियों में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन बीमारियों की रोकथाम के लिए नियमित जांच, संतुलित आहार एवं सक्रिय जीवनशैली अपनाना अत्यंत आवश्यक है।

### सरकार का स्वस्थता पर जोर

उप सिविल सर्जन (एनसीडी) डा. विजेंद्र सिंह ढांडा ने कहा कि इस प्रकार के स्क्रीनिंग शिविरों के माध्यम से बीमारियों की प्रारंभिक अवस्था में पहचान संभव होती है। जिससे समय रहते उपचार किया जा सकता है। हरियाणा सरकार द्वारा कैंसर रोगियों के लिए विशेष सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि कैंसर रोगियों को इलाज के लिए आने-जाने में किसी प्रकार की असुविधा न होए इसके लिए हरियाणा सरकार द्वारा निशुल्क बस पास सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। इसके अतिरिक्त कैंसर के तृतीय एवं चतुर्थ चरण के मरीजों के लिए पेंशन की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। जिससे उन्हें आर्थिक सहायता मिल सके और वे बेहतर उपचार प्राप्त कर सकें। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। जिला कार्यक्रम समन्वयक (एनसीडी) डा. संजीत सिंह मांडी ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा 30 वर्ष एवं उससे अधिक आयु वर्ग के सभी व्यक्तियों की निरूशुल्क जांच की जाती है। इस अवसर पर अन्य स्वास्थ्य अधिकारी, कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। शिविर के दौरान लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी दिया गया और उन्हें स्वस्थ रहने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम में डिप्टी सिविल सर्जन डा. विजेंद्र ढाड़ा, डा. पालेराम, डिप्टी मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डा. राजेश भोला, जिला कार्यक्रम समन्वयक डा. संजीत सिंह, एनसीडी नर्सिंग ऑफिसर्स, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर्स एवं स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में यह संदेश दिया कि जल्दी पहचान, सुरक्षित जीवन ही एक स्वस्थ समाज की आधारशिला है।

# एबीवीपी ने सीओई को सौंपा ज्ञापन

- यूजी पांच सेमेस्टर एवं पीजी तीन सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए विशेष परीक्षा देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद


जींद। परीक्षा नियंत्रक को मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए एबीवीपी कार्यकर्ता।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जींद इकाई ने चौधरी रणबीर सिंह विवि के परीक्षा नियंत्रक डा. राजेश बंसल को ज्ञापन सौंप कर यूजी 5 सेमेस्टर और पीजी 3 सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए विशेष अवसर परीक्षा आयोजित करने की मांग की है। यह परीक्षाएं जून के प्रथम सप्ताह में आयोजित करवाई जाएं ताकि जिन विद्यार्थियों की किसी कारणवश परीक्षाएं छूट गई हैं या वे किसी विषय में अनुत्तीर्ण रह गए हैं, उन्हें अपना शैक्षणिक वर्ष बचाने का अवसर मिल सके। एबीवीपी जींद के विवि अध्यक्ष सतविंदर ढिल्लो ने बताया कि विद्यार्थी परिषद हमेशा से छात्र हितों के लिए कार्य करती आई है और हर वर्ष विवि प्रशासन के सामने स्पेशल चांस की मांग रखती है ताकि किसी भी विद्यार्थी का भविष्य प्रभावित न हो। इस वर्ष भी एबीवीपी ने यह मांग दोहराते हुए कहा कि विवि को विद्यार्थियों की समस्याओं को समझते हुए जल्द से जल्द इस विषय में सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए। एबीवीपी महाविद्यालय अध्यक्ष राजकुमार ने बताया कि प्रदेश के अन्य विवि जैसे कि महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक तथा इंदिरा गांधी विवि मीरपुर भी अपने यहां विद्यार्थियों के लिए स्पेशल चांस परीक्षा आयोजित करवा रहे हैं। ऐसे में जींद विवि को भी विद्यार्थियों के हित में यह निर्णय लेना चाहिए ताकि यहां के विद्यार्थी भी इस सुविधा से वंचित न रहें।

# एसडीओ समेत तीन का तबादला होने के विरोध में अनिश्चितकालीन धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना


उचाना। बिजली निगम कार्यालय में धरना देते हुए कर्मचारी।

मंगलवार को बिजली निगम कार्यालय में एसडीओ, जेई एवं लाइनमैन की बदली किए जाने पर सांकेतिक धरना दिया। धरना की अध्यक्षता प्रधान विकास खटकड़ ने की। वक्ताओं ने जो तबादले हुए है वो राजनीति द्वेष भावना से किए गए है के आरोप लगाए। वक्ताओं न कहा कि जो तबादले हुए है वो जब तक ररद नहीं होते तब तक उनका धरना जारी रहेगा। प्रधान विकास खटकड़ ने कहा कि राजनीति दबाव में तबादले किए गए है। राजनीति द्वेष से बदली हुई है। बिजली की चोरी रोकने के आदेश सरकार के है। नरेंद्र जेई को करसिंधु गांव में बिजली चोरी मिली तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की। बुधवार से 9 बजे से 5 बजे तक कोई कर्मचारी कार्य नहीं करेगा। जेई कृष्ण ने कहा कि तीन कर्मचारियों की राजनीति द्वेष भावना से काफी दूर बदली की गई। एसडीओ उचाना जोजो तनेजा, नरेंद्र जेई, शमशेर एएलएम का तबादला किया है। 24 तारीख के पास नरेंद्र जेई अपने एरिया में ट्रांसफार्मर रखने के लिए पासिविलटी चैक करने के लिए गए थे। वहां पर चैकिंग के दौरान करसिंधु गांव में डायरी में बिना मीटर के बिजली सप्लाई मिली जहां कोई कनेक्शन नहीं था जो बिजली की चोरी कर रहा था। जब तक जो तबादले किए गए है उनको रद्द नहीं किया जाता हमारा धरना जारी रहेगा। इस मौके पर जसबीर श्योकंद, जसबीर चहल, सुरेंद्र, वीरेंद्र नैन, सुभाष शर्मा, मनीष श्योकंद, कुलबीर फौजी, जोगिंद्र, नरेश, मनोज जेई, समुंद्र आदि रहे।

# आठवें वेतन आयोग को लागू करने में संदेह के बादल मंडरा रहे : कर्मबीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत


कलायत। कलायत में बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते पदाधिकारी।

रिटायर्ड कर्मचारी संघ कलायत ब्लाक की बैठक संगठन प्रधान कर्मबीर कौलेखां की अध्यक्षता में भट्ट धर्मशाला में आयोजित हुई। इसमें जिला सचिव जयप्रकाश शास्त्री ने मुख्य रूप से शिरकत की। उन्होंने बताया कि आठवें वेतन आयोग को लागू करने में संदेह के बादल मंडरा रहे हैं। केन्द्र सरकार ने जो आठवें वेतन आयोग की अधिसूचना जारी की है उसकी सिफारिश लागू करने में पैंशनरों का उल्लेख नहीं है। पूर्व में केन्द्र सरकार ने वित्त विधेयक पास करके पैंशनरों को आठवें वेतन आयोग से वंचित करने की मंशा जाहिर कर दी थी। इससे देश भर के पैंशनरों में भारी नाराजगी हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए अखिल भारतीय राज्य सरकारी पैंशनर फैडरेशन ने कुरूक्षेत्र में अपने आल इंडिया सम्मेलन में सारे देश में 21 अप्रैल को सभी जिला मुख्यालयों पर जोरदार विरोध प्रदर्शन करने का फैसला लिया है। इसकी सफलता को लेकर बैठकों का क्रम जारी है। इसके तहत कलायत की कार्यकारिणी की बैठक बुलाई गई। इसमें ब्लाक वरिष्ठ उपप्रधान सतपाल बेदी, कोषाध्यक्ष सतबीर मोर व जिला कमेटी सदस्य मास्टर रिसाल सिंह धनौरी ने भी शिरकत की। यहां फरमाला राम, बलवंत सिंह दुब्बल ,हरपाल सिंह ,पाल सिंह , सूरजभान, कर्ण सिंह व अन्य मौजूद रहे।


जींद। वीसी में भाग लेते हुए अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### डीसी ने फसल खरीद व गैस आपूर्ति को लेकर की बैठक

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में फसल खरीद और घरेलू गैस आपूर्ति को लेकर संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फसल खरीद प्रक्रिया निर्बाध रूप से चले और सरसों व गेहूं की नियमानुसार बिक्री के दौरान अनाज मंडियों व परचेज सेंटरों पर किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आनी चाहिए। डीसी ने खाद्य एवं पूर्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को घरेलू गैस सिलेंडर सुचारू रूप से उपलब्ध होने चाहिए। वहीं दूसरी ओर बैठक के दौरान मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी भी वीसी के माध्यम से जुड़े और सभी जिलाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिस पर डीसी ने मुख्य सचिव को बताया कि सरकार के निर्देशानुसार जिला में प्रवासी श्रमिकों के लिए पर्याप्त मात्रा में सिलेंडर उपलब्ध है। डीसी मोहम्मद इरमान रजा ने बैठक में गेंहू खरीद प्रक्रिया से संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे ई खरीद प्रक्रिया पर कार्रवाई करते हुए वेरिफिकेशन का कार्य समय रहते पूरा किया जाए।

## न्यूज डायरी



### कांस्य पदक जीतने वाली बेटियों को किया सम्मानित

**उचाना।** 54वीं सीनियर राष्ट्रीय महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप में डूमरखा गांव की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन कर तीसरा स्थान हासिल किया है। उत्तर प्रदेश के बरेली स्थित फ्यूचर यूनिवर्सिटी में 30 मार्च से 3 अप्रैल तक 54वीं सीनियर राष्ट्रीय महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप हुई थी। डूमरखा की आरजू, परवेश, मधु, आरती, दीपिका और खुशी ने टीम का प्रतिनिधित्व किया। टीम ने चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन करते हुए में कांस्य पदक हासिल किया। सरपंच राहुल गोल्डी ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। सरपंच ने कहा कि गांव की बेटियां आज खेल सहित हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। बेटियां निरंतर स्थान प्राप्त करके गांव, प्रदेश का नाम रोशन कर रही है जो गर्व की बात है बल्कि अन्य बेटियों के लिए भी प्रेरणास्रोत हैं।



### डीएवी स्कूल में नए प्रिंसिपल ने संभाला कार्यभार

**जींद।** डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में नए प्रिंसिपल के रूप में डा. नीरज कुमार ने कार्यभार संभाल लिया है। उनके पहले दिन विद्यालय परिसर में विधिवत हवन पूजन का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के शिक्षकगण, स्टाफ तथा विद्यार्थियों ने भाग लिया। हवन के साथ ही सकारात्मक वातावरण में नए सत्र की शुरुआत की गई। इस अवसर पर डा. नीरज कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अनुशासन, मेहनत और संस्कारों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक लाना ही नही बल्कि एक अच्छा इंसान बनना भी है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने लक्ष्य निर्धारित करें और उन्हें पाने के लिए निरंतर प्रयास करें।

### नशे से दूर रहकर खेलों में भविष्य बनाएं युवा : जांम्बा

**ढांड।** गांव साकरा में युवा क्लब की ओर से आयोजित वॉलीबॉल टूर्नामेंट का समापन जोश व उत्साह के साथ हुआ। प्रतियोगिता में क्षेत्रभर से 25 टीमों ने भाग लेकर खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबले में साकरा की टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए पहला स्थान हासिल किया, जबकि चोर कारसा की टीम दूसरे स्थान पर रही। मुकाबले के दौरान दर्शकों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूंडरी के विधायक सतपाल जांम्बा ने विजेता टीम को 8100 रुपये व शील्ड तथा उपविजेता टीम को 4100 रुपये व शील्ड देकर सम्मानित किया। गांव पहुंचने पर सरपंच डॉ. सतपाल साकरा, प्रिंस, सागर, अंकुश और सावन ने विधायक का स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया। विधायक सतपाल जांम्बा ने अपने संबोधन में कहा कि युवा शक्ति देश का भविष्य है और उन्हें नशे जैसी कुरीतियों से दूर रहकर खेलों में आगे बढ़ना चाहिए।

# सावधान! अब आरटीओ चालान के नाम पर ठग रहे जालसाज: एसपी


एसपी मनप्रीत सिंह सूदन

**कैथल।** साइबर ठगों ने अब ठगी का नया तरीका इजाद किया है। जालसाज खुद को आरटीओ अधिकारी बताकर लोगों को व्हाट्सऐप पर ट्रैफिक चालान के नाम पर एक एपीके फाइल भेज रहे हैं। एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि जैसे ही कोई व्यक्ति इस फाइल को डाउनलोड और ओपन करता है तो उसका मोबाइल फोन हैक हो जाता है, जिससे ठग बैंकिंग डिटेल्स, व्यक्तिगत जानकारियां और ओटीपी आदि तक पहुंच बना लेते हैं और आर्थिक नुकसान पहुंचाते हैं। ठग व्हाट्सएप्प को हैक करके आपके निजी सभी व्हाट्सप्प ग्रुप में भी वह एपीके फाइल डाल देते है, ताकि और लोग उस फाइल को डाउनलोड करें तथा उनको ठगी के लिए नया शिकार ढूंढ सके। एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि पुलिस लगातार ऐसे मामलों पर नजर बनाए हुए है, लेकिन आमजन की सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है। उन्होंने नागरिकों को जागरूक करते हुए निम्न हिदायत दी – किसी भी अनजान लिंक या एपीके फाइल को फोन में डाउनलोड न करें। व्हाट्सएप या अन्य सोशल मीडिया पर आए चालान संबंधी संदेशों पर विश्वास न करें। आरटीओ चालान केवल सरकार की आधिकारिक पोर्टल/वेबसाइट या एम परिवहन और ई चालान जैसे अधिकृत ऐप पर ही देखें। अगर आपने फाइल डाउनलोड कर ली है तो सबसे पहले अपने फोन का नेट बंद करें। उसके बाद उस ऐप को ढूंढकर डिलीट करें। एसपी ने कहा की किसी भी संदिग्ध कॉल, मैसेज या लिंक की सूचना तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या नजदीकी थाना/साइबर पुलिस स्टेशन पर दें।

# पुलिस ने चार महिलाओं और दो बच्चों को 'ऑपरेशन स्माइल' के तहत किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल


कैथल। आपरेशन मुस्कान के तहत परिजनों से मिलाती पुलिस।

ऑपरेशन स्माइल' नाम मुहिम दौरान पुलिस द्वारा गुमशुदा/बाल मजदुर/ या अन्य प्रकार से शोषित बच्चो व महिलाओं को ढूंढकर परिजनों तक पहुंचाकर उनकी मुस्कान लौटाने का काम किया जाएगा। सोमवार को एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के कुशल निर्देशन में जिला पुलिस द्वारा गुमशुदा 4 महिलाओं व दो बच्चों को ढूंढा गया है। प्रवक्ता ने बताया कि पहले मामले में थाना राजौंद पुलिस को मंगलवार की सुबह सूचना मिली की राजौंद से करीब 80 वर्षीय वृद्ध महिला कल शाम किसी को बिना बताए घर से कहीं निकल गई। जो कल से अब तक घर नहीं लौटी। थाना राजौंद एसएचओ एसआई सतपाल की अगुवाई में पुलिस टीम द्वारा पुलिस सूचना तंत्र की मार्फत उक्त महिला को टोहाना से खोजा गया तथा सकुशल परिवार के हवाले कर दिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि दूसरे मामले में थाना पूंडरी क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति की शिकायत अनुसार उसकी 19 वर्षीय पुत्री 20 अक्टूबर 2023 को घर से बिना बताए कहीं चली गई। जिस बारे थाना पूंडरी में मामला दर्ज किया गया था। 'ऑपरेशन स्माइल' पुलिस टीम में शामिल पीएसआई सुमित, एसआई ईश्वर सिंह, एसआई राजेंद्र कुमार, लेडी एचसी सरोज आदि रहे।

### "फिट हरियाणा" का संदेश देंगे सांसद नवीन जिन्दल

**कैथल।** बुधवार को सांवला स्थित जिन्दल फार्म हाऊस में कुरुक्षेत्र और कैथल की टीमों के बीच एक रोमांचक पोलो मैच आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन के माध्यम से "फिट हरियाणा" अभियान को बढ़ावा देते हुए युवाओं को खेलों से जोड़ने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया जाएगा। दोनों टीम के खिलाड़ियों में नवीन जिन्दल, सिद्धार्थ शर्मा, महेश शर्मा, कृष्णा इंकिया, सलीम आजमी और अक्षय मलिक मुख्य खिलाड़ी के रूप से शामिल होने जा रहे हैं। सांसद नवीन जिन्दल हमेशा से युवाओं को खेलों के माध्यम से सशक्त बनाने के पक्षधर रहे हैं। सांसद कार्यालय प्रभारी एवं पूर्व आईएएस अधिकारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि यह पोलो मैच मौसम को ध्यान में रखते हुए शाम 4:30 बजे से आरंभ होगा। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र से बड़ी संख्या में युवा और खेल प्रेमी भाग लेंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## खरीद सीजन को लेकर डीसी ने अधिकारियों की बैठक ली

# गेहूं खरीद के मौके पर मौजूद रहें अधिकारी व कर्मचारी: अपराजिता

**बायोमेट्रिक, गेटपास व खरीद पर रहेगी पूरी नजर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल


कैथल। डीसी अपराजिता अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

डीसी अपराजिता ने कहा कि खरीद सीजन से संबंधित सभी अधिकारी व कर्मचारी मंडियों में अपने ड्यूटी प्वाइंट पर नियमित रूप से उपस्थित रहें और किसी प्रकार की समस्या होने पर किसानों को अधिकारी या कर्मचारी ढूंढने न पड़े। किसी किसान को गेहूं मंडी में लाए जाने के बाद यदि गेटपास, बायोमेट्रिक, बारदाना सहित किसी भी तरह की समस्या आती है तो उनकी समस्या को ध्यान से सुनते हुए उसका तत्काल समाधान करें। साथ ही खरीद एजेंसियों के अधिकारी बायोमेट्रिक, गेट पास, खरीद, फसल उठान और भुगतान को लेकर हर रोज सायं के समय डीसी कार्यालय को अपनी रिपोर्ट देंगे। रबी खरीद सीजन को पूरी तरह से सुचारु एवं पारदर्शी बनाएं। खरीद सीजन के दौरान सभी अधिकारी पूरी जिम्मेदारी और तत्परता के साथ कार्य करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई जाती है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीसी अपराजिता मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित वीडियो कांफ्रेंसिंग रूम में रबी सीजन को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दे रहीं थीं। इससे पूर्व मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने भी प्रदेश के सभी उपायुक्तों को खरीद सीजन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए और सीजन को लेकर फीडबैक लिया। डीसी अपराजिता ने निर्देश दिए कि किसानों को मंडियों में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए और सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित की जाएं। गेट पास के दौरान जाम जैसी स्थिति बिल्कुल नहीं बननी चाहिए और खरीद कार्य पूरी तरह नियमानुसार किया जाए। किसी भी प्रकार की ढिलाई या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने फसल के सत्यापन पर विशेष जोर देते हुए कहा कि मंडियों के गेट पर फसल लेकर आए किसी भी किसान को वापस न भेजा जाए और उसकी एंट्री वेरिफिकेशन तुरंत सुनिश्चित किया जाए।

### अब तक गेहूं की 4,659 मीट्रिक टन आवक हुई

डीसी अपराजिता ने बताया कि खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के आंकड़ों के अनुसार जिले में अब तक गेहूं की 4,659 मीट्रिक टन आवक हुई है, जिसमें से 4,500 मीट्रिक टन की खरीद की जा चुकी है। वहीं सरसों की 3,877 क्विंटल आवक दर्ज की गई, जिसकी पूरी खरीद कर ली गई है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे फसल को अच्छी तरह सुखाकर ही मंडी में लेकर आएं, ताकि खरीद प्रक्रिया में कोई बाधा न आए।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डीडीए डा. रविंद्र कुमार, डीआईपीआरओ नसीब सैनी, डीएमईओ अभिनव वालिया, एआईपीआरओ अमित कौशिक, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।